ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 15-10-2024

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2024-10-15 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2024-10-16	2024-10-17	2024-10-18	2024-10-19	2024-10-20
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	35.0	36.0	37.0	37.0	37.0
न्यूनतम तापमान(से.)	24.0	24.0	24.0	23.0	24.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	27	36	42	30	25
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	18	23	15	13	16
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6	10	7	7	9
पवन दिशा (डिग्री)	227	206	250	285	283
क्लाउड कवर (ओक्टा)	4	4	1	0	6

मौसम सारांश / चेतावनी:

आने वाले दिनों में बादल छाए रहने के साथ मौसम शुष्क रहने की संभावना । अधिकतम तापमान 35.0 से 37.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 23.0 से 24.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना। हवा की गति 06-10 किमी/घंटा रहने की संभावना है।

सामान्य सलाहकार:

किसानों को सलाह दी जाती है कि वे रबी फसलों की बुवाई से पूर्व खेत में 8-10 टन गोबर की खाद प्रति हैक्टेयर में डालें जो मृदा के भौतिक व जैविक गुणों को बडाती है तथा मृदा की जल धारण क्षमता भी बडती है।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी दिनों में मौसम साफ रहने की सम्भावना है। किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि खरीफ फसलों की कटाई व थ्रेसिंग का कार्य पूरा करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चना	किसान भाई चने की बुवाई हेतु उन्नत किस्मों जैसे सी. 235, आर.एस.जी 44, जी.एन.जी 663 वरदान, जी.एन.जी 2144 तीज, जी.एन.जी 2171 मीरा, जी.एन.जी 1488 संगम एंव आर.एस.जी 896 की व्यवस्था

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
	करें। बुवाई हेतु 80-100 किलो ग्राम बीज प्रति हैक्टेयर के लिए पर्याप्त है। फसल को जड़ गलन रोग से बचाने के लिए बीज को कार्बेण्डेजिम 2 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करें।
सरसों	किसान भाई सरसों/राया की बुवाई हेतु उन्नत किस्मों जैसे आर.एच -30, बायो-902, आशीर्वाद, सी.एच 54, डी.आर.एम.आर.आई.जे 31 (गिरिरीज), पुसा सरसों 26, पुसा सरसों 27, वाई.एस.एच 0401 (पीली सरसों) एंव आर.जी.एन.145 की व्यवस्था करें। बुवाई हेतु 4-5 किलो ग्राम बीज प्रति हैक्टेयर के लिए पर्याप्त है। तापमान को देखते हुए सरसों की बुवाई अभी ना करें।
सरसों	किसान भाई सरसों की बुवाई दिन का तापमान 30 डिग्री सेंटीग्रेड से कम होने पर करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
प्याज	प्याज की पौध तैयार करने के लिए क्यारियां तैयार करें। पूसा रेड, नासिक रेड, आर.ओ-252, हिसार प्याज-3, उदयपुर -102, पूसा व्हाइट फलेट व अकोला सफेद प्याज की उन्नत किस्में है। एक हैक्टेयर फसल लगाने के लिए 10 किलो बीज पर्याप्त होता है।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	बदलते मौसम में पशुओं में गलघोंटू (H.S) व ठप्पा रोग (B.Q) के फैलने की संभावना अत्यधिक रहती है। अतः समय रहते इनके टीके अवश्य लगवाएं।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	आगामी दिनों की मौसम परिस्थितियाँ सर्दियों वाली सब्जियों की नर्सरी तैयार करने के लिये उपयुक्त हैं अतः फूलगोभी, पतागोभी, टमाटर तथा बैंगन की नर्सरी तैयार करें। सीधी बुवाई वाली सब्जियों पालक, धनिया, गाजर, मटर और मूली के लिये खेत तैयार करें तथा बीज की व्यवस्था करें।